# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**न झुके हैं, ना झुकेंगे, लोकतंत्र बचाने के लिए लड़ेंगे : गोविन्द सिंह डोटासरा**

**जयपुर, 24 मार्च।** कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी द्वारा सत्य की लड़ाई लड़ने पर भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा संवैधानिक अधिकारों का दुरूपयोग करते हुए श्री राहुल गाँधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त करने के निर्णय के विरूद्ध राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में हजारों कांग्रेसजनों ने राजभवन का घेराव करते हुए जयपुर के सिविल लाईन्स फाटक पर विरोध-प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी श्री सुखजिन्द्र सिंह रंधावा, राज्य मंत्रिमण्डल के सदस्यगण, विधायकगण, विधायक प्रत्याशीगण, निगम/बोर्ड के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा जनप्रतिनिधिगण के साथ कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ता विरोध-प्रदर्शन में शामिल रहे।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने उपस्थित कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्री राहुल गाँधी की लोकसभा की सदस्यता समाप्त करना लोकतंत्र के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज होगा। उन्होंने कहा कि आजादी के पश्चात् इस तरह लोकतंत्र विरोधी कार्य पहली बार मोदी सरकार के शासन में हुआ है। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी उस कांग्रेस पार्टी के नेता है जिसके महान नेताओं ने बड़ी से बड़ी कुर्बानियाँ देकर ना सिर्फ देश को आजाद करवाया बल्कि देश में लोकतंत्र को कायम रखा। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी देश के लिए जीवन का बलिदान देने वाली पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इन्दिरा गाँधी के पोते तथा देश की एकता एवं अखण्डता के लिए अपने जीवन का बलिदान देने वाले स्व. श्री राजीव गाँधी के पुत्र है जो मोदी सरकार की दमनकारी नीतियों के समक्ष कभी नहीं झुकेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की फासीवादी दमनकारी नीतियों का विरोध सदन एवं सड़क पर किया जाकर मोदी सरकार को सबक सिखाने का कार्य कांग्रेस पार्टी करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता श्री राहुल गाँधी के समर्थन में संघर्ष करेगा तथा मोदी सरकार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने के लिए जेल कम पड़ जाएंगे।

2....

Created by Universal Document Converter

श्री डोटासरा ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि श्री राहुल गाँधी द्वारा सत्य के लिए लड़ी जा रही लड़ाई में शामिल होने के लिए कमर कस ले तथा किसी भी विषम परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को कांग्रेस के कार्यकर्ता ना सिर्फ सबक सिखाएंगे। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी को सत्य बोलने से कोई नहीं रोक सकता, कांग्रेस कार्यकर्ता श्री राहुल गाँधी के नेतृत्व में आम जनता के अधिकारों के लिए केन्द्र की फासीवादी मोदी सरकार के विरूद्ध संघर्ष जारी रखेंगे तथा 2024 में मोदी सरकार को केन्द्र की सत्ता से हटाएंगे।

इस अवसर पर एआईसीसी के राजस्थान प्रभारी श्री सुखजिन्द्र सिंह रंधावा ने उपस्थित कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्री राहुल गाँधी की सत्य की लड़ाई में कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता राहुल गाँधी बनकर केन्द्र की मोदी सरकार से टकराएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को तो अंग्रेज भी नहीं डरा सके भाजपा की केन्द्र सरकार भी कांग्रेस नेताओं की आवाज को नहीं दबा सकेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता देश और प्रदेश को बचाने के लिए भाजपा जैसी फासीवादी ताकतों से लड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कांग्रेसजनों से आह्वान करते हुए कहा कि देश को बचाने के लिए केन्द्र की सत्ता से फासीवादी मोदी सरकार को हटाना जरूरी है, इसलिए सभी कांग्रेस कार्यकर्ता आने वाले लम्बे संघर्ष के लिए तैयार हो जाएं तथा संकल्प लें कि जब तक केन्द्र से मोदी सरकार का सफाया ना हो जाएं चैन से नहीं बैठेंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में हुए विरोध-प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डॉ. बी.डी. कल्ला, डॉ. चन्द्रभान, एआईसीसी के गुजरात प्रभारी एवं विधायक डॉ. रघु शर्मा, सचिव श्री कुलदीप इन्दौरा, राजस्थान सरकार के मंत्री डॉ. महेश जोशी, श्री गोविन्द राम मेघवाल, श्री प्रताप सिंह खाचरियावास, श्रीमती शकुन्तला रावत, श्री रामलाल जाट, श्री अशोक चांदना, श्री महेन्द्र चौधरी, विधायकगण श्री नरेन्द्र बुडानिया, श्रीमती कृष्णा पूनियां, श्री रोहित बोहरा, श्री आलोक बेनीवाल, श्रीमती गंगा देवी, श्री गोपाल मीणा, श्री सुरेश मोदी, श्री चेतन डूडी, श्री अमीन कागजी, श्री बाबूलाल नागर, पूर्व सांसद डॉ. कर्णसिंह यादव, श्री नमोनारायण मीणा, प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष श्री सीताराम अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती नसीम अख्तर इंसाफ, सचिव श्री ललित तूनवाल, श्री रामसिंह कस्वां, श्री

3....

Created by Universal Document Converter

जसवंत गुर्जर, श्री राजेन्द्र यादव, श्री देशराज मीणा, श्री प्रशान्त सहदेव शर्मा, श्री पुष्पेन्द्र भारद्वाज, श्री ललित यादव, प्रवक्ता श्री आर.सी. चौधरी, स्वर्णिम चतुर्वेदी, एनएसयूआई अध्यक्ष श्री अभिषेक चौधरी, निगम/बोर्ड के चेयरमेन श्री बृजकिशोर शर्मा, डॉ. अर्चना शर्मा, श्री मुमताज मसीह, श्री धर्मेन्द्र सिंह राठौड़, डॉ. खानू खाँ बुधवाली, श्री पवन गोदारा, श्री डूंगरराम गेदर, श्री महावीर सोगानी, श्री किशनलाल जैदिया, श्री मदनगोपाल मेघवाल, श्रीमती उर्मिला योगी, श्री उमाशंकर शर्मा, श्री सीताराम लाम्बा, आरसीए चेयरमेन श्री वैभव गहलोत, बोर्ड उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू शर्मा, श्री सुशील शर्मा जिलाध्यक्ष श्रीमती सुनीता गठाला, श्री रविन्द्र त्यागी, श्री जाकिर हुसैन गैसावत, पूर्व विधायक श्री दिलीप चौधरी, श्री रामनारायण गुर्जर, कांग्रेस प्रत्याशी श्री विद्याधर सिंह चौधरी, जयपुर हैरिटेज महापौर श्रीमती मुनेश गुर्जर, जयपुर उप जिला प्रमुख श्री मोहन डागर, श्री हरसहाय यादव, श्री कुलदीप सिंह पूनियां, श्री चर्तुभुज यादव, श्री सत्येन्द्र सिंह राघव, श्री विक्रम सिंह शेखावत, श्रीमती रूक्षमणी कुमारी सहित हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter